दिन– शुक्रवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 25 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. सभी दलों के नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले पर सरकार की कार्रवाई में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– पहलगाम आतंकी हमले के षडयंत्रकारियों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी।

03. प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चम्पारण, सुपौल, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, गोपालगंज और भागलपुर जिले में लू की चेतावनी जारी की।

04. और, गुवाहाटी में सम्पन्न सीनियर राष्ट्रीय रग्बी महिला प्रतियोगिता में बिहार ने ओडिशा को हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

---

पहलगाम आतंकी हमले के बाद सभी दलों के नेताओं ने पाकिस्तान के विरुद्ध सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा की गई कार्रवाई का समर्थन किया है। नई दिल्ली के संसद भवन परिसर में सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के दौरान सभी नेताओं ने आतंकवाद से लडाई और सरकार की कार्रवाई में पूरा सहयोग देने का भी आश्वासन दिया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मीडिया को बताया कि सभी दलों ने आतंकी हमले पर चिंता व्यक्त की और कार्रवाई का समर्थन दिया है।

———बाईट———

श्री रिजिजू ने कहा कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए किए जा रहे प्रबंधन उपायों की जानकारी भी अधिकारियों ने दी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सभी दलों ने आतंकी हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि जम्मू–कश्मीर में शांति बनाए रखने के प्रयास किए जाने चाहिए।

———बाईट———

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की सभी ने निंदा की है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने सरकार को किसी तरह की कार्रवाई करने का पूरा समर्थन दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पन्द्रह विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता शामिल हुए।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत हर आतंकवादी और उसके मददगारों की पहचान करके उनका पता लगाएगा और दंडित करेगा। उन्होंने कहा कि भारत,

दुनिया के किसी भी कोने से उन्हें ढूंढ निकालेगा। श्री मोदी ने कहा कि आतंकवादियों को कतई नहीं बख्शा जाएगा।

---बाईट---

प्रधानमंत्री ने कहा कि न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे और पूरा देश इस संकल्प पर अडिग है। श्री मोदी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कल बिहार के मधुबनी जिले के झंझारपुर में जनसभा में यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद से देश की आत्मा कभी नहीं टूटेगी।

---बाईट---

---

बिहार में छह विपक्षी दलों के महागठबंधन ने पहलगाम में बेगुनाह पर्यटकों पर आतंकी हमले की कडी निंदा की है। पटना में कल राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की नेतृत्व वाली समन्वय समिति की बैठक में इस हमले की निंदा का प्रस्ताव पारित किया गया। यह गठबंधन पहलगाम आतंकी हमले के पीडितों और शोक–संतप्त परिजनों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए आज कैंडल मार्च का आयोजन करेगा।

---

राजद–कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन की समिति की पहली बैठक में आगामी बिहार विधानसभा चुनावों से संबंधित कई मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक में इक्कीस सदस्यीय समन्वय समिति का गठन भी किया गया। इस बैठक में कांग्रेस, राजद, विकासशील इंसान पार्टी, सीपीआई, सीपीएम और सीपीआई–एमएल समिति के नामित सदस्य शामिल हुए।

---

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों की वीजा सेवाएं तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है। भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी मौजूदा वैध वीजा इस महीने की सत्ताईस तारीख से रद्द कर दिए जाएंगे। इसके अलावा मेडिकल वीजा भी इस महीने की उनतीस तारीख तक ही वैध रहेंगे। इस बीच, पटना जिले में ठहरे सत्ताईस पाकिस्तानियों का वीजा रद्द कर दिया गया है। इन सभी को जिले की विदेश शाखा से तय समय सीमा के भीतर अपने देश वापस जाने को कहा गया है। इस बीच, सरकार ने सिंधु जल संधि को स्थगित रखने की आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है।

---

पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार कल वेटिकन सिटी में किया जायेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पोप फ्रांसिस के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होंगी। देश में पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के दिन राजकीय शोक रहेगा। इससे पहले सरकार ने पोप फ्रांसिस के निधन पर तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की थी। गौरतलब है कि पोप फ्रांसिस का इक्कीस अप्रैल को निधन हो गया था।

---

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी की ओर से सत्तरवीं मुख्य परीक्षा आज आयोजित हो रही है। ये परीक्षा तीस अप्रैल तक चलेगी। परीक्षा के लिए बत्तीस केन्द्र बनाये गये हैं। आयोग के अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर दो घंटे पहले पहुंचना अनिवार्य है। निर्धारित समय से देरी से पहुंचने पर अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। मुख्य परीक्षा के लिए इक्कीस हजार पांच सौ इक्यासी छात्र सफल हुये थे। परीक्षा को कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए छप्पन दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

---

प्रदेश के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान मोतिहारी में भीषण उष्ण लहर और सुपौल में उष्ण लहर की स्थिति बनी रही। वहीं, पटना समेत अन्य जिलों में तीखी धूप और तेज गर्मी से जन जीवन प्रभावित रहा। इस अवधि में बयालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गया लगातार तीसरे दिन प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चम्पारण, सुपौल, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, गोपालगंज और भागलपुर जिले में कुछ स्थानों पर उष्ण लहर की चेतावनी जारी की है। वहीं, मुंगेर, खगड़िया और आस–पास के जिलों में उष्ण और आर्द्र दिवस का अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अगले तीन दिन के बाद प्रदेश के तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की कमी की सम्भावना है। इस दौरान पूर्वी चम्पारण, किशनगंज, सीतामढ़ी और मधुबनी समेत आस–पास के जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात की आशंका है।

———बाईट———

---

भीषण गर्मी को देखते हुये कैमूर जिला प्रशासन ने सभी सरकारी और निजी विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन किया है। अब विद्यालयों में पूर्वाह्न ग्यारह बजकर पैंतालीस तक ही शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किया जा सकेगा। यह आदेश सभी प्री–स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भी प्रभावी होगा। नई व्यवस्था पन्द्रह

मई तक लागू रहेगी। वहीं, बेगूसराय जिला प्रशासन के अनुसार सभी विद्यालयों में पठन–पाठन तीस अप्रैल तक ग्यारह बजकर पैंतालीस मिनट तक ही होगा।

---

और अब खबरें खेल जगत से....

प्रदेश में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनेंगे। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण ने बताया कि इन खेलों के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व की सबसे बड़ी मधुबनी पेंटिंग का उद्घाटन करेंगे। वहीं, चार सौ बाल लामाओं की ओर से एक साथ सिंगिंग बॉल की प्रस्तुति दी जायेगी। खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन चार मई से पन्द्रह मई तक पटना, गया, राजगीर, बेगूसराय और भागलपुर में आयोजित होगा।

असम के गुवाहाटी में सम्पन्न सीनियर राष्ट्रीय रग्बी महिला प्रतियोगिता में बिहार ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। रग्बी फुटबॉल ऐसोसिएशन ऑफ बिहार के सचिव पंकज कुमार ज्योति ने बताया कि खिताबी मुकाबले में बिहार ने ओडिशा को इक्कीस–बारह से हराकर यह उपलब्धि हासिल की है।

प्रदेश के सैंतीस हजार से अधिक सरकारी विद्यालयों में आज से खेल प्रतियोगिता की शुरूआत हो रही है। खेल प्रतिभा खोज योजना, मशाल दो हजार पच्चीस के तहत शिक्षा और खेल विभाग तथा बिहार खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में अंठावन लाख छात्र–छात्राएं हिस्सा लेंगे।

---

दूसरी एशियाई योगासन प्रतियोगिता आज से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में शुरू हो रही है। योगासन भारत द्वारा आयोजित यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता सत्ताईस तारीख तक चलेगी। इसमें इक्कीस एशियाई देशों के एक सौ सत्तर से अधिक एथलीट भाग लेंगे। यह आयोजन योगासन को वैश्विक खेल के रूप में बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है।`

---

आज विश्व मलेरिया दिवस है। मलेरिया के बारे में जागरूकता बढाने और इस रोग को पूरी तहर से समाप्त करने संबंधी उपायों को बढावा देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष मलेरिया दिवस की थीम है– मलेरिया का अंतः पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जागृति"। इधर, प्रदेश में इस अवसर पर जागरूकता के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। वहीं, मलेरिया के प्रसार का पता लगाने के लिए इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के नेतृत्व में पटना स्थित राजेन्द्र मेमोरियल

रिसर्च इंस्टीट्यूट में सर्वे शुरू किया गया है। इसके लिए दो शहरों पटना और मुजफ्फरपुर का चयन किया गया है।

---

पटना जिले के मोकामा के मेकरा गांव के मध्य विद्यालय में मध्याह्न भोजन खाने के बाद तीन सौ बच्चे बीमार हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार भोजन के बाद तबीयत खराब होने से इन बच्चों को मोकामा ट्रॉमा सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था।

---

कैमूर जिले के भभुआ थाना पुलिस ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में भड़काऊ टिपण्णी का वीडियो वायरल होने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है।

---

कैमूर जिले की नुआंव थाने की पुलिस ने अकोल्ही फिल्ड के पास वाहन जांच के दौरान एक मोटरसाईकिल से ढ़ाई किलो मादक पदार्थ के साथ दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मधुबनी दौरे से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है— बिहार से पहलगाम आतंकी हमले के बाद दिया कड़ा संदेश। मोदी की चेतावनी— मिट्टी में मिला देंगे।

प्रभात खबर ने इसी खबर का शीर्षक दिया है— मोदी की हुंकार—आतंकियों को मिलेगी कल्पना से भी बड़ी सजा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. सभी दलों के नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले पर सरकार की कार्रवाई में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा— पहलगाम आतंकी हमले के षडयंत्रकारियों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी।

03. प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चम्पारण, सुपौल, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, गोपालगंज और भागलपुर जिले में लू की चेतावनी जारी की।

04. और, गुवाहाटी में सम्पन्न सीनियर राष्ट्रीय रग्बी महिला प्रतियोगिता में बिहार ने ओडिशा को हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।